N.19: राराप्रप्रौके में राजभाषा गतिविधियाँ: जुलाई 2022 – दिसंबर 2022

01 जुलाई 2022 से 31 दिसंबर 2022 तक राजभाषा से संबंधित विभिन्न गतिविधियां इस प्रकार रहीं - दिनांक 26.07.2022 को केंद्र में वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर 16 व्याख्यान दिए गए। हिंदी पखवाड़ा 2022 का आयोजन दिनांक 19.09.2022 से 28.09.2022 तक किया गया। इस अवसर पर 05 प्रतियोगिताएं जैसे निबंध लेखन, टिप्पण एवं आलेखन, आशुभाषण, वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें लगभग 197 पदाधिकारियों ने भाग लिया। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दो बैठकें क्रमशः दिनांक 30.09.2022 तथा 16.12.2022 को क्रमशः निदेशक एवं कार्यकारी निदेशक राराप्रप्रौके की अध्यक्षता में आयोजित की गईं। दिनांक 31.08.2022 तथा 22.11.2022 को दो नियमित हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिनमें क्रमशः 15 तथा 16 पदाधिकारियों ने भाग लिया। त्वरक चुंबक प्रौद्योगिकी प्रभाग तथा उच्च लेसर भौतिकी अनुभाग अभिकल्पन व विनिर्माण प्रौद्योगिकी प्रभाग का आंतरिक राजभाषा निरीक्षण किया गया। जुलाई-सितम्बर, 2022 एवं अक्तूबर से दिसंबर 2022 के परमाणु ऊर्जा राजभाषा कार्यान्वयन योजना (अटॉलिस) के सत्र के अंतर्गत कुल 112 पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा 72 पदाधिकारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

दिनांक 26.07.2022 को केंद्र में वैज्ञानिक संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए गणमान्य अधिकारीगण।

केंद्र में दिनांक 08.12.2022 से 10.12.2022 तक पऊवि, मुम्बई और राराप्रप्रौके के तत्वावधान में राजभाषा अनुभव आदान प्रदान कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें पऊवि की इकाईयों/सहायता प्राप्त संस्थानों/उपक्रमों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

प्रस्तुति:
विमल कुमार शुक्ल (vimalks@rrcat.gov.in)